हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 21 जुलाई 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 स्कूलों, कॉलेजों, बाजार चौक और बस...



07 बोर्ड बैठक की कार्य प्रणाली पर सवाल, पार्षदों ने ...



### नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत जिले भर में हुए कार्यक्रम के आयोजन

# मानव श्रृंखला, शपथ और जनसंवाद कर लोगों को नशामुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार संचालित ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0₹ अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में जिला पुलिस आगर मालवा द्वारा जिले भर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत विद्यालयों, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंडों, सार्वजनिक स्थानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। थाना नलखेड़ा पुलिस द्वारा माँ बगलामुखी मंदिर परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर श्रद्धालुओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. विवेक बिंद्रा को भी अभियान की जानकारी दी गई तथा उन्होंने नशामुक्त समाज निर्माण के इस जनअभियान की सराहना करते हुए अपने विचार साझा किए।








थाना कानड़ द्वारा सेंट सेबेस्टियन कॉन्वेंट स्कूल, कानड़ में लगभग 250 विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाकर जागरूक किया गया। उप निरीक्षक भीम सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों एवं उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। थाना कोतवाली आगर द्वारा नगर में संचालित कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से नशामुक्ति जागरूकता गीत प्रसारित कर आमजन तक अभियान का संदेश पहुंचाया गया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर मानव श्रृंखला बनाकर नागरिकों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। चौकी बड़ागांव क्षेत्र के शनि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प दिलाया गया। पुलिस सहायता केंद्र तनोडिया द्वारा बस स्टैंड पर यात्रियों एवं आमजन को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया तथा नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। थाना सुसनेर द्वारा थाना परिसर के सामने आमजन के साथ मानव श्रृंखला बनाकर नशे के विरुद्ध जनजागरूकता का संदेश दिया गया। वहीं एसडीओपी सुसनेर के मार्गदर्शन में सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल, सोयत कला में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे के स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में थाना बड़ोद एवं चौकी विजय नगरी द्वारा बस स्टैंड विजय नगरी पर मानव श्रृंखला बनाकर यात्रियों एवं नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। जिला पुलिस आगर मालवा द्वारा चलाए जा रहे इन जागरूकता कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों, ग्रामीणों, श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए ₹ज़िंदगी को हाँ, नशे को ना₹ का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। जिला पुलिस आगर मालवा आमजन से अपील करती है कि स्वयं नशे से दूर रहें, अपने परिवार एवं समाज को भी जागरूक करें तथा नशामुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएँ। अभियान आगामी दिनों में भी जिलेभर में निरंतर जारी रहेगा।

### महामंडल विधान का आयोजन आज से

## भगवान का निर्वाण महोत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय दिगंबर जैन समाज द्वारा सोमवार को देवाधिदेव 1008 श्री नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर श्री सुपार्श्व नाथ दिगंबर जैन मंदिरजी में निर्वाण लाड़ू चढ़ाया गया। निर्वाण लाडू का निर्माण ममता पांडिया द्वारा किया गया। इन्हीं के द्वारा 2 वर्ष पूर्व नेमिनाथ भगवान की प्रतिमा भी मंदिरजी में विराजमान की गई थी। भगवान के निर्वाण कल्याणक पर सर्वप्रथम शांति धारा की गई जिसमें सर्वाधिक बोली लगाकर प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य पवन पांडिया एवं दूसरी शांति धारा करने का सौभाग्य विपिन जैन को प्राप्त हुआ। शांति धारा के बाद नेमिनाथ भगवान की पूजन की गई। पश्चात प्रभु के समक्ष निर्वाण लाडू समाज जन द्वारा भेंट किया गया। समाज के शैलेंद्र पाटनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार से अष्टानिका महापर्व चालू हो रहा है इस शुभ अवसर पर श्री सुपार्श्व नाथ दिगंबर जैन मंदिरजी व श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नीमा कॉलोनी में नंदीश्वरदीप महामंडल विधान का आयोजन किया जाएगा। नौ दिनों तक चलने वाला कार्यक्रम में नंदीश्वर दीप के 52 चेत्यालयों की प्रतिदिन पूजन आराधना समाज जनों द्वारा की जाएगी। दोनों मंदिर जी में महामंडल विधान को लेकर तैयारी चल रही है।

## शिक्षित बेटी ही देश का उज्ज्वल भविष्यः यादव स्कूली छात्राओं को साइकिल का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़

शासकीय एकीकृत कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शामगढ़ में छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ विद्यालय के प्राचार्य बी.एल. कारपेंटर मंचासीन रहे। इस अवसर पर कक्षा 6वीं एवं 9वीं की कुल 114 छात्राओं को शासन की योजना के तहत



निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिलें प्राप्त कर छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। अपने उद्बोधन में कविता नरेंद्र यादव ने कहा कि ₹शिक्षित बेटी केवल एक नहीं, बल्कि दो परिवारों का नाम रोशन करती है। बेटियों की शिक्षा समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने तथा आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने नपा अध्यक्ष से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे। उन्होंने सभी जिज्ञासाओं का सहज और प्रेरणादायक उत्तर देकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। नपा अध्यक्ष ने विद्यालय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शाला परिसर में शीघ्र पेवर ब्लॉक निर्माण तथा छात्राओं की सुविधा के लिए वाटर कूलर स्थापित कराने की घोषणा भी की।

### उपार्जन के लिए किसान पंजीयन में एग्रीस्टेक आईडी अनिवार्य

सीहोर। समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटे अनाज के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन अब एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए किसानों की भूमि, फसल एवं रकबे की जानकारी भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल से प्राप्त की जाएगी, इसलिए प्रत्येक किसान के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन कर एग्रीस्टेक आईडी बनवाना आवश्यक है। एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), संबंधित पटवारी अथवा किसान स्वयं **Farmer Registry MP** मोबाइल एप के माध्यम से कर सकते हैं। जिन किसानों की एग्रीस्टेक आईडी अभी तक नहीं बनी है।

## सांसद गुप्ता ने उठाया कौशल विकास पारितंत्र को सशक्त बनाने का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मंदसौर-नीमच-जावरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता ने सोमवार को लोकसभा में देश के कौशल विकास पारितंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा युवाओं को आधुनिक उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करने से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया। लोकसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ने बताया कि देशभर में युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण, प्रमाणन एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों सहित देश के सभी वर्गों के युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा योजना की नियमित समीक्षा कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। सरकार ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 (ढटङश 4.0) के अंतर्गत डिजिटल प्लेटफॉर्म, मानकीकृत मूल्यांकन प्रणाली तथा प्रशिक्षण केंद्रों के प्रत्यायन के माध्यम से प्रशिक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता और गुणवत्ता को और अधिक मजबूत बनाया गया है।



मंत्रालय के अनुसार बदलती औद्योगिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक), रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन तकनीक सहित अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों पर आधारित आधुनिक पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किए गए हैं, ताकि युवा भविष्य की तकनीकों के अनुरूप दक्ष बन सकें। उत्तर में यह भी बताया गया कि कौशल भारत मिशन के तहत उद्योगों की भागीदारी बढ़ाते हुए प्रशिक्षुता (अस्त्रस्त्रशील्ल ्रूीरॅंस्त्र) के अवसरों का विस्तार किया गया है, जिससे युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होने के साथ-साथ रोजगार एवं प्लेसमेंट की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। साथ ही कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रभाव का नियमित मूल्यांकन कर आवंटित वित्तीय संसाधनों के पारदर्शी एवं कुशल उपयोग को सुनिश्चित किया जा रहा है।

### खबर संक्षेप में

#### जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक आज

**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव की अध्यक्षता में आज 21 जुलाई को जनसुनवाई के पश्चात जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजीव गुप्ता ने समिति के सभी सदस्यों और संबंधित जिलाधिकारियों से इस बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

#### नप के लिए एल्डरमैन के नामों की हुई घोषणा

**नलखेड़ा।** प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा स्थानीय नगर परिषद के लिए चार एल्डरमैन की घोषणा की गई है। घोषणा के बाद नवनियुक्त मनोनीत पार्षदगणों को बधाइयां दी गई। शासन द्वारा स्थानीय नगर परिषद के लिए सुबोध सकलेचा, रानी परमार पति स्व संजय परमार,दीपक प्रजापति एवं मनीष सेन की एल्डरमैन के रूप में नियुक्ति की गई है। इनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं इष्टमित्रों द्वारा इन्हें बधाइयां दी गई है। गौरतलब है कि लंबे समय से एल्डरमैन की सूची का भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही आम जनता को भी इंतजार था। प्रदेश की डॉ मोहन यादव सरकार द्वारा अपने कार्यकाल के ढाई वर्षों बाद एवं नगर परिषद के शेष लगभग एक वर्ष के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को सत्ता में भागीदारी देते हुवे एल्डरमैन के नामों की घोषणा की गई है।

## विधायक जैन के प्रयास से जिले को मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देने वाली एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत क्षेत्र के विधायक विपिन जैन के सतत प्रयासों से दलौदा चौपाटी से ऐलची, वाया सेमलिया, आकोदड़ा होते हुए करजू तक पहुंच मार्ग के टू-लेन उन्नयन कार्य के लिए 12 करोड़ 29 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति से क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उल्लेखनीय है कि विधायक श्री विपिन जैन ने वर्ष 2024 में इस महत्वपूर्ण मार्ग के चौड़ीकरण एवं उन्नयन की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराया था। इसके बाद उन्होंने शासन स्तर पर लगातार प्रभावी पहल एवं सतत अनुश्रवण किया, जिसके परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई। दलौदा चौपाटी से ऐलची, सेमलिया, आकोदड़ा होते हुए करजू तक का यह मार्ग क्षेत्र की कृषि, व्यापार एवं ग्रामीण आवागमन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मार्ग कृषि उपज मंडी, धार्मिक स्थलों तथा अनेक ग्रामों को जोड़ता है। लंबे समय से मार्ग की संकीर्णता एवं बढ़ते यातायात के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। टू-लेन उन्नयन कार्य पूर्ण होने के बाद यातायात अधिक सुरक्षित, सुगम एवं तेज होगा, जिससे किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी नई गति प्राप्त होगी। इस महत्वपूर्ण सौगात पर विधायक श्री विपिन जैन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग और जनहित के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण से यह महत्वपूर्ण कार्य संभव हो सका है।



विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि क्षेत्र के विकास, बेहतर सड़क संपर्क और आधारभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता ने जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

## श्रीराम अरण्यक में शिक्षक गरिमा शिविर हुआ संपन्न



**नलखेड़ा।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर श्रीराम अरण्यक, आमला में रविवार को जिला स्तरीय ह्यशिक्षक गरिमा शिविरह्न आयोजित हुआ। शिविर में जिले भर के शिक्षकों ने आगामी परीक्षा की कार्ययोजना बनाई और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इससे जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सह-संयोजक अशोक सालोकिया ने की। मुख्य अतिथि शैलेंद्र श्रीवास्तव, ट्रस्टी प्रदीप वैद्य, हरीश शर्मा और प्रकाश वैद्य ने शिक्षकों को संस्कार एवं राष्ट्रनिष्ठा से जोड़ने पर जोर दिया। चारों विकासखंडों के बीईओ मुकेश तिवारी, दिनेश त्रिवेदी, मनोहरलाल चौहान, मंगलेश सोनी सहित प्राचार्य डॉ. महेश बंसिया, एपीसी रजनीश स्वर्णकार भी उपस्थित रहे। गायत्री परिवार के पदाधिकारी, संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक जयनारायण चौधरी, सत्यनारायण बंसिया सत्यप्रकाश शर्मा और बड़ी संख्या में संकुल प्राचार्य व शिक्षक शामिल हुए। दीप प्रज्वलन और गायत्री मंत्र के साथ शुरू हुए शिविर का समापन शांति पाठ से हुआ। संचालन प्रशांत शर्मा ने किया। श्री रामअरण्यक आमला के व्यवस्थापक राधेश्याम स्वामी द्वारा आभार व्यक्त किया गया बीआरसी प्रतिनिधि के रूप में दीपक उपाध्याय, अरुण त्रिवेदी, ओमप्रकाश पाटीदार एमआरसी सुसनेर उपस्थित हुए। शिविर ने शिक्षकों में नई ऊर्जा भरी और अभियान को जिले में विस्तार देने का संदेश दिया।



### सभी विभागों में सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत 'नॉन-अटेंडेड' न रहे

# सभी कर्मचारी प्रशिक्षण कोर्स पूर्ण करें: कलेक्टर

- निर्माणाधीन सभी आंगनवाड़ी भवनों को एक माह में पूर्ण करवाएं
- समय-सीमा पत्रों के निराकरण की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी कर्मयोगी पोर्टल पर अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं और निर्धारित प्रशिक्षण कार्य ऑनलाइन पूर्ण करें। साथ ही पंजीयन संबंधी जानकारी तत्काल प्रस्तुत करें। यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष, आगर में जिला अधिकारियों की समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर यादव ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग 'ए' ग्रेड हासिल करें। ग्रेडिंग माह की शिकायत सोमवार शाम तक संतुष्टिपूर्वक बंद करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने 'नॉन-अटेंडेड' शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि एक भी शिकायत 'नॉन-अटेंडेड' न रहे। सभी विभागों के अधिकारी अपनी शिकायतें स्वयं देखें और उनका ऑनलाइन निराकरण दर्ज करें। कलेक्टर ने 'नॉन-अटेंडेड' शिकायत वाले तथा निम्न गुणवत्ता का निराकरण दर्ज करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो। सभी राजस्व अधिकारी स्वयं सीमांकन प्रकरण देखें और सुनिश्चित करें कि सभी सीमांकन प्रकरणों का सकारात्मक निराकरण हो। निर्देश के बावजूद सीमांकन प्रकरणों का सकारात्मक निराकरण न करने वाले पटवारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए।बैठक में कलेक्टर यादव ने सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र के निर्माणाधीन सभी आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का निर्माण कार्य एक माह में पूर्ण करवाकर कार्य पूर्णता एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र जारी करना सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### अच्छी वर्षा के लिए महादेव मंदिर में खड़ी सप्ताह हुआ आयोजित



**देवास।** अमोना स्थित प्राचीन श्री त्रिलोकेश्वर महादेव मंदिर में अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि एवं विश्वशांति की मंगलकामना को लेकर रविवार से सोमवार तक खड़ी सप्ताह का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन पंडित सतीश महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र में अच्छी वर्षा, खुशहाली एवं विश्वशांति की प्रार्थना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पवित्रा बाई पाटीदार, कांता बाई भंडारी, ललिता बैरागी, रेखा देवड़ा, संजना राठौर, लीला तिवारी, रीना दुबे, लक्ष्मी बाई ठाकुर, मधु शर्मा, सुरेश चंद तिवारी, गणेश पटेल,कन्हैया लाल वर्मा, अमन बैरागी, रविंद्र पाटीदार, राकेश सोनी,मोहित देवड़ा, रूपम राठौर, अमित पोद्दार सहित महाकाल मित्र मंडल व अमोनावासी उपस्थित थे।

### शून्य मातृ-शिशु मृत्यु दर वाली ग्राम पंचायतों को मिलेगा पुरस्कार

**देवास।** मध्यप्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाने और ग्रामीण स्तर पर जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए 'सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) पंचायत योजना' का शुभारंभ किया गया है। योजना अंतर्गत ऐसी ग्राम पंचायतों को एक लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा, जिनमें एक वर्ष की अवधि के दौरान शून्य मातृ मृत्यु, पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की शून्य मृत्यु तथा खसरा (मीजल्स) एवं रूबेला के शून्य प्रकरण दर्ज होंगे।

### नशामुक्ति अभियान को मिला जनसमर्थन, मानव श्रृंखलाएं बनाकर दिलाई शपथ

# स्कूलों, कॉलेजों, बाजार चौक और बस स्टैंडों पर दिया नशे के खिलाफ संदेश

### युवाओं को नशे की लत से बचाने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से पुलिस जागरूकता अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 15 से 30 जुलाई तक संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत सोमवार को देवास जिले में बड़े पैमाने पर नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विद्यार्थियों, युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया। अभियान के अंतर्गत थाना नाहर दरवाजा पुलिस ने के.पी. कॉलेज, सोनकच्छ पुलिस ने सेंट एंथोनी हाई सेकेंडरी स्कूल, कमलापुर पुलिस ने धीगरखेड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल, टोंकखुर्द पुलिस ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय तथा हाटपीपल्या पुलिस ने शारदा विद्या मंदिर में विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

इन कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नशे के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन किया और नशामुक्त जीवन जीने की शपथ ली। वहीं बागली, उदयनगर, भौरासा, नेमावर, विजयागंज मंडी, कांटाफोड़ एवं खातेगांव थाना पुलिस ने बाजार चौक, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आम नागरिकों की सहभागिता से जनजागरूकता अभियान चलाया। यहां ग्रामीणों, व्यापारियों, युवाओं एवं राहगीरों ने मानव श्रृंखला बनाकर समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया तथा स्वयं भी नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रमों के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक संतुलन, पारिवारिक जीवन, सामाजिक प्रतिष्ठा और आर्थिक स्थिति को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। युवाओं को नशे की लत से बचाने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है।



अधिकारियों ने विद्यार्थियों एवं नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। देवास पुलिस ने आम जनता, युवाओं, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और औद्योगिक इकाइयों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि ₹नशा मुक्ति₹ केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। पुलिस का उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से जिले में नशे के खिलाफ मजबूत वातावरण तैयार करना है, ताकि युवा पीढ़ी सुरक्षित, स्वस्थ और संस्कारित समाज के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा सके। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0₹ अभियान 30 जुलाई तक लगातार जारी रहेगा। इस दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों और औद्योगिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम, शपथ ग्रहण, रैलियां और संवाद कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा।

# भैरव महाराज मंदिर का मार्ग खुलवाने की मांग

### मार्ग अवरुद्ध होने पर श्रद्धालुओं में रोष




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

ग्राम जेतपुरा स्थित प्राचीन भैरव महाराज मंदिर तक जाने वाले सार्वजनिक मार्ग को तत्काल खुलवाने तथा स्थायी रूप से पक्का मार्ग निर्माण कराने की मांग को लेकर समस्त श्रद्धालुओं, धाकड़ समाज, मालवीय समाज एवं क्षेत्र के लगभग 40-50 ग्रामों के नागरिकों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि देवास-भोपाल रोड स्थित सेंट्रल मालवा स्कूल के पीछे छोटी कालीसिंध नदी के किनारे प्राचीन भैरव महाराज मंदिर स्थित है, जहां वर्षों से आसपास के 40-50 गांवों के हजारों श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए आते रहे हैं। यह मंदिर क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया कि हाल के समय में मंदिर तक पहुंचने वाला प्राचीन सार्वजनिक मार्ग स्कूल एवं कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा अवरुद्ध कर दिया गया है। स्कूल की नई बाउंड्री वॉल तथा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा लगाए गए गेट के कारण श्रद्धालुओं एवं वाहनों का मंदिर तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि यदि शासकीय भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण हुआ हो तो उसकी जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आगामी 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। यदि समय रहते मार्ग नहीं खोला गया तो श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा तथा कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका भी बन सकती है। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर तक जाने वाले प्राचीन सार्वजनिक मार्ग का सीमांकन कर तत्काल सभी अवरोध हटाए जाएं अथवा वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराया जाए। साथ ही कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा लगाए गए गेट को हटाने, शासकीय भूमि पर संभावित अतिक्रमण की जांच कराने तथा मंदिर तक स्थायी पक्का मार्ग निर्मित कराने की कार्रवाई गुरु पूर्णिमा से पूर्व सुनिश्चित की जाए।

## हिंद फौज ने मनाई शहीद मंगल पांडे की जयंती, जवानों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद मंगल पाण्डे की जयंती के अवसर पर हिन्द फौज के बैनर तले प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि इस अवसर पर योगा संचालक चन्द्रशेखर तिवारी, मोना तिवारी एवं वरुण जोशी ने हिन्द फौज के जवानों का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने शहीद मंगल पाण्डे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली का संकल्प लिया। इस अवसर पर हिन्द फौज के अनुशासित जवानों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। योगा संचालक चन्द्रशेखर तिवारी ने कहा कि शहीद मंगल पाण्डे के बलिदान से हमें देश सेवा की प्रेरणा मिलती है। हिन्द फौज के जवान उसी भावना के साथ समाज सेवा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। वहीं मोना तिवारी ने योग एवं फिटनेस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर से ही राष्ट्र सेवा का दायित्व प्रभावी ढंग से निभाया जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिन्द फौज के जवान, बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे। इस दौरान हिन्द फौज संचालक सुरेश शर्मा, कुमेर सिंह वर्मा, दीपिका बोरीवाल, हिन्द फौज शिक्षा संचालक श्रीजा अग्रवाल, रवि अग्रवाल, हिन्द फौज रक्तदान संचालक सीमा गिरी, विकास गिरी, हिन्द फौज योगा संचालक चन्द्रशेखर तिवारी, मोना तिवारी, हिन्द फौज एथलेटिक प्रशिक्षक संचालक ताशीन शेख, हिन्द फौज एथलेटिक संचालक सृजनिका लोखंडे, अजय दायमा, आरती दायमा उपस्थित रहे।

## आयुष्मान भारत योजना में मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय सम्मान

**देवास।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश को "बेस्ट परफार्मिंग लार्ज स्टेट–हाइयेस्ट प्री-ऑथोराइजेशंस विथ बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन" श्रेणी में राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान योजना के अंतर्गत बायोमेट्रिक आधारित प्री-ऑथराइजेशन प्रक्रिया के प्रभावी, पारदर्शी एवं सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया है। मध्यप्रदेश ने इस क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के बड़े राज्यों में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है।उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, तकनीक आधारित सुशासन और जनहितकारी कार्यों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए आयुष्मान भारत निरामयम्-मध्यप्रदेश की पूरी टीम, जिला अधिकारियों, चिकित्सालयों और योजना से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जन-केंद्रित बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में आयोजित राष्ट्रीय समीक्षा बैठक (चिंतन शिविर) में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव द्वारा आयुष्मान भारत निरामयम्-मध्यप्रदेश के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अरविंद शाह को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सुनील कुमार बर्नवाल आदि उपस्थित रहे।

# एल्डरमैन, विभिन्न समितियों में सदस्यों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी संगठन में विभिन्न समितियों के गठन के साथ ही नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार मुकेश चौहान, आशुतोष जोशी, अशोक गोस्वामी, भगवानसिंह राठौड़, रवि नागर, घनश्याम कटारिया, प्रवीण सोलंकी, गोवर्धन सिंह पवार, अमित जोशी, राजकुमार गोपीगुराडिया, आशीष परमार, मनोज श्रीवास्तव और गोवर्धनसिंह बैस को विद्युत समिति, शिक्षा समिति एवं निगरानी समिति सहित विभिन्न समितियों में सदस्य नियुक्त किया गया है।




इसके साथ ही, वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश सांखला और संतोष वर्मा को एल्डरमैन के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। नया दायित्व मिलने के बाद सभी नवनियुक्त सदस्य और एल्डरमैन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. सेंधव से मिलने पहुंचे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. सेंधव ने सभी कार्यकर्ताओं का भाजपा का दुपट्टा (चुनरी/गमछा) पहनाकर आत्मीय स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए बधाई दी। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार द्वारा प्रदान की गई। अपनी इस नई नियुक्ति और जिम्मेदारी मिलने पर सभी नवनियुक्त सदस्यों ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. सेंधव, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक गायत्री राजे पवार, आशीष शर्मा, राजेश सोनकर, मनोज चौधरी, मुरली भंवरा एवं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश यादव, जिला उपाध्यक्ष मनोहर पवार, अजब सिंह सेंधव सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# 21 फीट ऊंचे पुष्प-सज्जित रथ पर विराजेंगे भगवान जगन्नाथ, इस्कॉन आज निकालेगा रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

इस्कॉन देवास द्वारा मंगलवार को भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा दोपहर 3 बजे रामनगर स्थित रामेश्वर धाम मंदिर से प्रारंभ होकर नयापुरा स्थित लक्ष्मी नारायण धर्मशाला तक पहुंचेगी।

श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस्कॉन देवास के अध्यक्ष आनंदमय प्रभु ने बताया कि यात्रा का मुख्य आकर्षण 21 फीट ऊंचा भव्य रथ होगा, जिसमें भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी विराजमान रहेंगे। रथ को 15 प्रकार के ताज़े एवं सुगंधित फूलों से आकर्षक रूप से सजाया जाएगा। पूरे मार्ग में भक्तगण हरे कृष्ण महामंत्र का संकीर्तन करते हुए भगवान के जयघोष के साथ आगे बढ़ेंगे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की रथ यात्रा में ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद के शिष्य परम पूज्य महामना प्रभु एवं प्राणेश्वर प्रभु की दिव्य उपस्थिति रहेगी। साथ ही यूक्रेन और फिलीपींस से आए विदेशी भक्त भी इस भव्य आध्यात्मिक उत्सव में सहभागिता करेंगे, जो आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करेगा। रथ यात्रा के समापन पर लक्ष्मी नारायण धर्मशाला में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा।



इसके बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। इस्कॉन देवास ने शहर एवं आसपास के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार सहित इस दिव्य रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन करें, संकीर्तन में भाग लें तथा महाप्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक आनंद एवं भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### कलेक्टर ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला कृषि रोड मैप की समीक्षा बैठक संपन्न

# माइक्रो इरिगेशन और ई-मंडी में रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा देने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज की अध्यक्षता में जिले के कृषि रोड मेप के संबंध में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के कृषि परिदृश्य को आधुनिक बनाने, लागत कम करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि, उद्यानिकी व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर सिंह ने बैठक में स्पष्ट किया कि जिले के विकास के लिए एक व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी रणनीति की आवश्यकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को पूरे जिले के लिए एक फसल आधारित 'एकीकृत कृषि प्रणाली मॉडल' तैयार करने को कहा, जिसमें लघु, सीमांत और बड़ी जोत वाले सभी किसानों को शामिल किया जा सके।

उन्होंने इस मॉडल की विस्तृत कार्ययोजना आगामी 10 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को जायद सीजन में मूंग की फसल के स्थान पर उड़द की फसल लेने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को एक ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में उपलब्ध कृषि इनपुट और मिट्टी के प्रकार के अनुसार ही कृषि, उद्यानिकी और सब्जी वाली फसलों का चयन किया जाएगा, ताकि पैदावार बेहतर हो सके। खेतों में नरवाई (पराली) प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें, इसके लिए किसानों को जागरूक कर नरवाई जलाने से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दें। सिंचाई जल के अपव्यय को रोकने और उसके न्यायोचित उपयोग के लिए माइक्रो इरिगेशन तकनीकों जैसे ड्रिप और मिनी स्प्रिंकलर को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाए।



स्थानीय कृषि उपज मंडियों में उत्पादों की खरीदी बढ़ाने के साथ-साथ 'ई-मंडी' प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन तेज किया जाएगा, ताकि किसान सीधे और पारदर्शी तरीके से अपनी उपज, सब्जी तथा फलों की खरीदी-बिक्री कर सकें। बैठक में जिले के लिए अनुकूल संसाधन प्रभावी एवं लाभकारी कृषि की दिशा में प्रदेश के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा कृषि कार्य योजना का प्रेजेण्टेशन दिया गया। उप संचालक कृषि ज्ञानसिंह मोहनिया ने जिले के संपूर्ण कृषि के परिदृश्य एवं विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उप संचालक उद्यानिकी राजू बडवाया ने जिले में फल-सब्जी एवं प्रसंस्करण के संबंध में जानकारी दी। उप संचालक पशुपालन ने आचार्य विद्या सागर गो संवर्धन योजना, बकरी इकाई योजना, टीकाकरण, पशु उपचार एवं बांझपन के निवारण के शिविरों की जानकारी दी। सहायक संचालक मत्स्य विभाग द्वारा जिले में मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य बीज संचयन, मस्त्योत्पादन, किसान क्रेडिट कार्ड एवं स्मार्ट फिश पार्लर के संबंध में जानकारी दी। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा जिले में अल्पावधि कृषि ऋण वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड एवं पट्टाधारी केसीसी धारक आदि की विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के सोयाबीन के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.बी.यू. दुपारे ने सोयाबीन के साथ अंतरवर्तीय फसलें एवं गेहूं कटाई के पश्चात सोयाबीन बुआई के लिए नरवाई प्रबंधन के संबंध में भी जानकारी दी। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय से पधारे डॉ.विजयकुमार चौधरी एवं डॉ.पी.के.सिंह ने खरपतवार नियंत्रण के प्रभावी उपायों एवं फसलों में उपयोग होने वाले विभिन्न कीटनाशियों व खरपतवारनाशी की अनुशंसित मात्रा के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही बताया कि मेडों पर सुरजना फली एवं मेहंदी लगाएं, जिससे किसानों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिल सके। निदेशक अटारी जबलपुर आईएआर के डॉ.एस.आर.के.सिंह ने जिले में कृषि रोड मेप की शॉर्टटर्म एवं लॉगटर्म कृषि आधारित कार्ययोजना के बारे में बताया।

# टोंकखुर्द अधिवक्ता संघ का निर्विरोध चुनाव संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

टोंक खुर्द अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव सोमवार को सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव में सभी पदों पर उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जिससे बार की वर्षों पुरानी परंपरा एक बार फिर कायम रही।

निर्वाचन परिणाम के अनुसार पदम सिंह उदाना अध्यक्ष, अंतर सिंह खरवाड़िया उपाध्यक्ष, छाया गोदेन महिला उपाध्यक्ष, जगदीश चंद्र लाठिया सचिव, आशीष भंडारी सह सचिव, विनीता शर्मा कोषाध्यक्ष तथा शशिकांत शर्मा पुस्तकालय सचिव निर्वाचित हुए। निर्वाचन के बाद न्यायालय परिसर में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का न्यायाधीश, अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन स्टाफ द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1989 में टोंक खुर्द बार की स्थापना के बाद से आज तक अधिवक्ता संघ के चुनाव कभी प्रतिस्पर्धात्मक नहीं हुए हैं। प्रत्येक बार सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन की परंपरा निभाई गई है और इस बार भी उसी परंपरा को कायम रखते हुए सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न कराया गया।

## खबर संक्षेप

### गैंगस्टर एक्ट के दोषी को 2 वर्ष 8 माह की सजा

**ललितपुर।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ललितपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 2 वर्ष 8 माह के कारावास तथा 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस महानिदेशक के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी कराई जा रही है। इसी क्रम में थाना जाखौरा में वर्ष 2023 में दर्ज मु.अ.सं. 0233/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के मामले में आरोपी ग्राम बिरौरा करतार सिंह पुत्र सुजान सिंह के विरुद्ध वैज्ञानिक एवं तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयबद्ध विवेचना पूरी कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। मामले में एसपी के निर्देशन में थाना जाखौरा पुलिस, कोर्ट पैरोकार एवं अभियोजन पक्ष द्वारा लगातार प्रभावी पैरवी की गई। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर 18 जुलाई 2026 को एडीजे (एफटीसी)-प्रथम न्यायालय ने आरोपी करतार सिंह को दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष 8 माह के कठोर कारावास और 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

### बांसी गांव में ट्रेन के वेंडर की संदिग्ध मौत

**ललितपुर।** जखौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बांसी में 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों द्वारा युवक के फांसी लगाकर आत्महत्या करने का दावा किया जा रहा है, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सीने में लगी अंदरूनी चोट बताया गया है। दोनों तथ्यों में विरोधाभास सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। ग्राम बांसी निवासी रामप्रताप कुशवाहा पुत्र बालचंद्र कुशवाहा को शनिवार शाम करीब 6.50 बजे उसका भाई गंभीर हालत में उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचा था। वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक, रामप्रताप ट्रेनों में वेंडर का कार्य करता था और शराब पीने का आदी था। शनिवार शाम वह शराब के नशे में घर पहुंचा और कमरे में जाकर फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फंदे से नीचे उतारकर तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए रविवार शाम करीब 6 बजे तीन डॉक्टरों के पैनल द्वारा वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सूत्रों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सीने में लगी अंदरूनी चोट बताया गया है, जिससे मामला और अधिक संदिग्ध हो गया है। बताया जा रहा है कि मृतक की शराब की लत के कारण घर में अक्सर विवाद होता रहता था। अब पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल की परिस्थितियों तथा परिजनों के बयानों सहित सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। जांच के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### मारपीट में युवक गंभीर घायल, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित रामनगर में एम.ई.एस. ग्राउंड के पास एक युवक पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बसंत विहार कॉलोनी निवासी विनय पुत्र अशोक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 17 जुलाई की शाम करीब 6.30 बजे वह रामनगर स्थित एम.ई.एस. ग्राउंड के पास मौजूद था। इसी दौरान घुसयाना निवासी राजकुमार ग्वाला और इलाइट चौराहा निवासी शिवम पांडिया अपने कुछ अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे और बिना किसी बात के उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में विनय के सिर और नाक पर गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

## नपा में घमासान, डीएम व ईओ को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग

# बोर्ड बैठक की कार्य प्रणाली पर सवाल, पार्षदों ने भ्रष्टाचार, बाहरी हस्तक्षेप के लगाए आरोप

### अवैधानिक प्रस्ताव निरस्त करने व विकास कार्यों के भुगतान पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक को लेकर सियासी और प्रशासनिक विवाद गहरा गया है। भाजपा पार्षद आलोक कुमार जैन मयूर के नेतृत्व में कई पार्षदों ने सोमवार को जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी (ईओ) को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर बोर्ड बैठक की वैधानिकता, विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं तथा पालिका प्रशासन में बाहरी हस्तक्षेप की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में पार्षदों ने आरोप लगाया कि 18 जुलाई 2026 को आयोजित नगर पालिका बोर्ड बैठक में 26 में से 14 पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार किया था। इसके बावजूद आवश्यक कोरम के अभाव में बैठक संचालित कर कई प्रस्ताव पारित कर दिए गए, जो नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत हैं। पार्षदों ने मांग की कि पूरे प्रकरण की जांच के लिए पांच सदस्यीय स्वतंत्र जांच समिति गठित की जाए तथा जांच पूरी होने तक बैठक में पारित सभी प्रस्तावों को निरस्त किया जाए। ज्ञापन में नपाध्यक्ष के परिजनों पर सवाल उठाए हैं। पार्षदों का कहना है कि वह नियमित रूप से नगर पालिका कार्यालय में बैठकर विकास कार्यों और प्रशासनिक फाइलों में हस्तक्षेप करते हैं। आरोप है कि पालिका की गोपनीय फाइलें उनके आवास तक भेजी जाती हैं और वे सरकारी कार्यों में प्रभाव डालते हैं। पार्षदों ने 18 जुलाई की बोर्ड बैठक की सीसीटीवी फुटेज एवं वीडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखकर उसकी जांच कराने तथा बाहरी व्यक्तियों के प्रशासनिक हस्तक्षेप पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी को दिए गए दूसरे ज्ञापन में नगर पालिका क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और भुगतान प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। पार्षदों ने आरोप लगाया कि कई कार्यों में नियमों की अनदेखी कर भुगतान की तैयारी की जा रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि सभी विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच होने तक संबंधित ठेकेदारों के भुगतान पर तत्काल रोक लगाई जाए।

साथ ही जिस वार्ड में कार्य हुआ है, उसकी जांच समिति में संबंधित वार्ड के पार्षद को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए ताकि जांच पारदर्शी और निष्पक्ष हो सके। पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे व्यापक जनआंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा पार्षद आलोक जैन मयूर, सोनासिंह, मिथिलेश, दीपा कुशवाहा, पूजा आनंद यादव, रमेश कुमार, धर्मवीर कुशवाहा सहित अन्य पार्षद एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पुलिस ने चलाया बड़ा अभियान

# एसपी के निर्देशन में जिले भर में ताबड़तोड़ दबिश, एक ही दिन में 57 वारंटी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में फरार वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने व्यापक अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों के पर्यवेक्षण में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने लंबे समय से न्यायालय से जारी वारंटों में वांछित 57 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा न्यायालयों द्वारा जारी वारंटों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में गठित पुलिस टीमों ने विभिन्न गांवों और मोहल्लों में दबिश देकर वारंटियों को गिरफ्तार किया। सबसे अधिक 12 वारंटी थाना तालबेहट पुलिस ने गिरफ्तार किए। इसके अलावा कोतवाली ललितपुर से 11, थाना जखौरा से 8, मड़ावरा व नाराहट से 4-4, जाखलौन, पूराकलां, बानपुर एवं महरौनी से 3-3, पाली व बार से 2-2, जबकि थाना गिरार से 1 वारंटी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान गिरफ्तार किए गए सभी वारंटी अभियुक्तों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई से लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों में हड़कंप मच गया है। एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने कहा कि जनपद में अपराधियों और वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। कानून से बचने का प्रयास करने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि न्यायालय से जारी वारंटों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए।

# 60 बच्चों के बीमार होने की घटना की न्यायिक जांच, दोषियों पर कार्रवाई व निगरानी की मांग

### अटल आवासीय विद्यालय में फूड प्वाइजनिंग पर कांग्रेस का प्रदर्शन



**ललितपुर।** जाखलौन क्षेत्र के धौर्रा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में फूड प्वाइजनिंग की घटना के बाद करीब 60 बच्चों के बीमार होने के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है।

इस घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा विद्यालय की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार की मांग की। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कहा कि प्रशासन की तत्परता से अधिकांश बच्चे स्वस्थ होकर विद्यालय लौट चुके हैं, लेकिन बच्चों के बीमार होने की घटनाएं पूरी तरह थमी नहीं हैं। ऐसे में केवल औपचारिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरे मामले की गहन जांच कर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। कहा कि अटल आवासीय विद्यालय में प्रदेश के गरीब एवं श्रमिक परिवारों के बच्चे अध्ययन करते हैं।

ऐसी घटना के बाद उनके अभिभावकों में भय और असुरक्षा का माहौल है। प्रशासन को चाहिए कि वह अभिभावकों को विद्यालय की वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए बच्चों की सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाओं का भरोसा दिलाए। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन, पेयजल एवं अन्य खाद्य सामग्री की वैज्ञानिक जांच कराई जाए। साथ ही आरओ सिस्टम, फिल्टर और भोजन की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा केवल कागजी कार्रवाई के बजाय वास्तविक सुधार किए जाएं। मांग उठाई गई कि विद्यालय की नियमित निगरानी के लिए एक स्थायी समिति गठित की जाए, जिसमें उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अथवा मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी प्रत्येक 15 दिन अथवा प्रति माह निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके अलावा घटना में विद्यालय प्राचार्य, समाज कल्याण अधिकारी एवं संबंधित स्टाफ की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी जनहित में व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह बंटी, शशिकान्त दीक्षित, पंकज हुण्डैत, अजय प्रताप सिंह तोमर, पुनीत देवलिया, राजा राजपाल सिंह, राकेश रजक, सुशील श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## हिंदूवादी संगठनों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया

# सनातन की रक्षार्थ संत उतरे मैदान में, मौलाना जर्जिस अंसारी को फांसी देने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



हिन्दू धर्म के भगवान श्री कृष्ण पर अपमानजनक टिप्पणी करने पर, असभ्य भाषा शैली बोलने पर मौलाना जर्सिस अंसारी के विरोध में सभी हिंदूवादी संगठनों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए गिन्नौट बाग से पैदल मार्च के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी माध्यम से भेंट किया । जगद्गुरु कृष्णागिरी महाराज ने बताया कि कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर और समाचार पत्रों के माध्यम से एक वीडियो और खबर सामने आ रही है जिसमें एक मौलाना जर्जिस अंसारी द्वारा भगवान श्री कृष्ण को मुस्लिम बताया गया और भगवान श्री कृष्ण को पांच वक्त का नमाजी बताया गया है इस प्रकरण से समस्त हिन्दू समाज में बहुत ही आक्रोश है उग्रता है ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि ऐसे कुंठित सोच के व्यक्ति समाज में उन्माद फैलाने का और सामाजिक टकराव का कार्य कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर धार्मिक भावना फैलाने और किसी धर्म विशेष के भगवान पर अशोभनीय टिप्पणी पर विधिवत न्याय सम्मत कानून के तहत कठोर से कठोर कार्यवाही होनी चाहिए।

सभी हिंदूवादी संगठनों ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि जल्द से जल्द ऐसे जिहादी व्यक्ति को गिरफ्तार कर कठोर से कठोर सजा दी जाएं और जेल भेजा जाएं। ज्ञापन देते समय जगद्गुरु स्वामी कृष्णागिरी महाराज महंत प्रयाग दास जी महाराज नवल किशोर सोनी, डॉ दीपक पस्तोर जिलाध्यक्ष बजरंग सेना, बृजेंद्र सिंह गौर, अंशुल झा, जितेंद्र नायक,मोनू तिवारी, शिवकुमार चंदेल, संतोष कुशवाहा, सुशील श्रीवास्तव, रमाकांत दुबे, कृष्णकांत काकर, पिंटू राजा मगरपुर, ताहर राजा, राजा राम साहू, दीपक नायक, सानू पाठक, राघवेंद्र सिंह राजा गंगारी, राज किशोर रावत, ऋषि शुक्ला, गुरु दत्त रावत, विक्रम, रोहित, आशीष, प्रिंस त्रिपाठी, अमित खटीक, नीलेश कुशवाहा, बादल, महेंद्र राहुल,आकाश सेन, रोहित साहू, दिव्यांश राठौर, नितिन झा, विशाल राय, आदि लोगों के हस्ताक्षर बताए गए।

## पूर्व डीलर व स्वयं सहायता समूह पर एफआईआर

# 10.917 क्विंटल गेहूं, 16.683 क्विंटल चावल व मिड-डे मील का खाद्यान्न हड़पने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महरौनी तहसील के ग्राम पंचायत जरया में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला सामने आया है। पूर्व उचित दर विक्रेता और राधिका स्वयं सहायता समूह पर सरकारी खाद्यान्न का प्रभार न सौंपने, राशन कार्डधारकों को खाद्यान्न से वंचित रखने तथा शासकीय अनाज की कथित कालाबाजारी करने के आरोप में महरौनी पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की है। कार्रवाई जिलाधिकारी की अनुमति के बाद की गई।

पूर्ति विभाग के अनुसार, ग्राम जरया की उचित दर दुकान का संचालन हेमलता पत्नी गोपाल अहिरवार द्वारा राधिका स्वयं सहायता समूह के माध्यम से किया जा रहा था। हेमलता के स्वेच्छा से त्यागपत्र देने के बाद दुकान का अनुज्ञापत्र निरस्त कर दिया गया और ग्राम जरया के राशन कार्डधारकों को ग्राम समोगर के उचित दर विक्रेता जुगल किशोर तिवारी की दुकान से संबद्ध कर दिया गया। विभाग ने पूर्व डीलर को दुकान में उपलब्ध समस्त अवशेष खाद्यान्न एवं चीनी नए विक्रेता को तत्काल हस्तांतरित करने के निर्देश दिए थे। पूर्ति विभाग का आरोप है कि 13 अप्रैल, 11 मई और 8 जून 2026 को लगातार नोटिस जारी किए जाने तथा कई बार मौखिक निर्देश देने केबावजूद पूर्व डीलर ने खाद्यान्न का प्रभार नहीं सौंपा। इसके चलते ग्राम के सैकड़ों पात्र राशन कार्डधारक कई महीनों तक अपने हिस्से के सरकारी राशन से वंचित रहे। विभागीय अभिलेखों के अनुसार पूर्व डीलर के पास 10.917 क्विंटल गेहूं, 16.683 क्विंटल चावल तथा 24 किलोग्राम चीनी का अवशेष स्टॉक मौजूद था, जिसे नए विक्रेता को सौंपा जाना था। आरोप है कि उक्त खाद्यान्न का न तो विधिवत हस्तांतरण किया गया और न ही उसका कोई संतोषजनक हिसाब प्रस्तुत किया गया। जांच के दौरान एक और गंभीर तथ्य सामने आया। कम्पोजिट अपर प्राइमरी स्कूल, जरया के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार ने जिला पूर्ति अधिकारी को भेजी शिकायत में बताया कि जनवरी, फरवरी और मार्च 2026 के मिड-डे मील के लिए आवंटित 6 क्विंटल चावल और 2 क्विंटल गेहूं भी पूर्व डीलर द्वारा प्राप्त कर लिया गया, लेकिन विद्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे स्कूली बच्चों के पोषण कार्यक्रम पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। 14 जुलाई 2026 को पूर्ति निरीक्षक हेमंत कुमार जोशी ने दुकान का औचक निरीक्षण किया तो दुकान पर ताला बंद मिला। पता चला कि हेमलता अपने परिवार के साथ गांव छोड़कर बाहर चली गई हैं। जांच रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों पर कालाबाजारी का मामला पाए जाने पर 17 जुलाई 2026 को जिलाधिकारी की अनुमति प्राप्त की गई।

### कम्पोजिट विद्यालय से सोलर पैनल व बैटरी चोरी

ललितपुर। थाना बालाबेहट क्षेत्र के कस्बा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में स्थापित ए.आर.जी. संयंत्र से अज्ञात चोर सोलर पैनल और बैटरी चोरी कर ले गए। घटना का खुलासा तब हुआ जब शासन स्तर पर संयंत्र का सर्वर लिंक बंद होने की सूचना मिली और मौके पर निरीक्षण किया गया। ग्राम प्रधान और संबंधित संस्था के इंजीनियर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कम्पोजिट विद्यालय में स्थापित ए.आर.जी. संयंत्र 22 जून 2026 को दोपहर करीब 2.15 बजे अचानक सर्वर से ऑफलाइन हो गया था। शासन स्तर से इसकी सूचना मिलने पर संयंत्र का संचालन करने वाली ओबेल संस्था के फील्ड इंजीनियर संजय सिंह 24 जून को विद्यालय पहुंचे और स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संयंत्र के एनक्लोजर बॉक्स का ताला टूटा हुआ था तथा उसमें लगी बैटरी और सोलर पैनल गायब थे। इसके बाद मामले की सूचना ग्राम प्रधान दौलतराम को दी गई और दोनों ने थाना बालाबेहट में लिखित शिकायत दर्ज कराई। थाना बालाबेहट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

## बीच-बचाव कर आरोपियों से छुड़ाया

### जमीन पर निर्माण का विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर धमकाया

ललितपुर। थाना बार क्षेत्र के ग्राम धनगौल में जमीन पर जबरन निर्माण कार्य का विरोध करना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। आरोप है कि गांव के चार लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम धनगौल निवासी प्रभुदयाल पुत्र गनेश प्रजापति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19 जुलाई 2026 की सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के शिवप्रसाद पुत्र रगवर प्रजापति, जगदीश पुत्र रगवर प्रजापति, सुरेन्द्र पुत्र शिवप्रसाद तथा जीतू पुत्र जगदीश उसकी जमीन पर कथित रूप से जबरन मकान का निर्माण कराने लगे। प्रभुदयाल ने जब अपनी जमीन पर बिना अनुमति निर्माण कार्य कराने का विरोध किया तो चारों आरोपी कथित रूप से आक्रोशित हो गए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। शोर सुनकर उसके बच्चे मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कर उसे आरोपियों से छुड़ाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। प्रभुदयाल की तहरीर पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जिलाधिकारी से शिकायत की

# महिला ने दंबगों का 100 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगाया



**ललितपुर** । थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम खिरिया विनैका निवासी एक असहाय महिला ने गांव के कुछ दबंगों और कथित भू-माफियाओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने सोमवार को डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया कि गांव के दबंग लंबे समय से गरीब और असहाय लोगों की जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर मारपीट, धमकी और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं। पीड़िता ने दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। ग्राम खिरिया विनैका निवासी श्रीबाई पत्नी स्व. रामप्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि गांव के दबंग लोग एक संगठित गिरोह क्षेत्र में सक्रिय किये है। आरोप है कि उक्त लोग दबंगई के बल पर करीब 100 एकड़ से अधिक भूमि पर अवैध कब्जा कर चुके हैं और गरीब परिवारों को लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। आरोप है कि आरोपियों ने पूर्व में उनके घर में घुसकर खराद मशीन का डीजल इंजन, साइफन, आठ बोरे, बढ़ईगिरी के औजार, दो तख्त तथा गेहूं रखने की टंकी चोरी कर ली थी। शिकायत के बावजूद अब तक चोरी गया सामान बरामद नहीं कराया गया और न ही किसी आरोपी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हुई। आरोप है कि 8 जुलाई 2026 को आरोपियों ने पीड़िता के टाकुरिया स्थित खेत की मेढ़ तोड़कर कब्जा करने का प्रयास कर उसे खेत में जिंदा गाड़ देने की धमकी दी गई। मामले की शिकायत 9 जुलाई 2026 को थाना जखौरा तथा 14 जुलाई 2026 को पुलिस अधीक्षक से की गई थी। आरोप लगाया कि आरोपी आए दिन उनके घर पहुंचकर धमकियां देते हैं।

## एमएलसी प्रतिनिधि ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

# छह माह से जर्जर सड़क और पाइपलाइन लीकेज से त्रस्त लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



गोविंद सागर बांध से लेडियापुरा होते हुए नई बस्ती पानी की टंकी तक बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन के बाद जर्जर हुई सड़क और लगातार हो रहे पाइपलाइन लीकेज को लेकर क्षेत्रवासियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस गंभीर समस्या के समाधान की मांग को लेकर एमएलसी डा.बाबूलाल तिवारी के प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। बताया कि पाइपलाइन डालने के लिए करीब छह माह पूर्व सड़क खोदी गई थी, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद सड़क का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया।

वर्तमान में सड़क पूरी तरह गडढों में तब्दील हो चुकी है। वहीं जगह-जगह पाइपलाइन लीकेज होने से सड़क पर पानी भर जाता है और कीचड़ फैलने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में विशेष रूप से बालाजी हनुमान मंदिर के सामने की बदहाल स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यहां लगातार पानी भरने से श्रद्धालुओं, स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। आरोप लगाया गया कि जल संस्थान और जल निगम एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते रहे, जिससे आम जनता परेशान हो रही है।

केदारनाथ तिवारी ने बताया कि इस मार्ग पर ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल, मां शारदा इंटर कॉलेज, लिटिल फ्लावर जूनियर हाई स्कूल सहित कई शिक्षण संस्थान, जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय, आरोग्य केन्द्र तथा धार्मिक स्थल स्थित हैं। प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राएं, मरीज, श्रद्धालु और आम नागरिक इसी मार्ग से गुजरते हैं। कीचड़ और गडढों के कारण आए दिन स्कूली बच्चे फिसलकर चोटिल हो रहे हैं तथा उनकी स्कूल ड्रेस खराब होने से उन्हें वापस घर लौटना पड़ता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि संबंधित अधिकारियों के साथ दो बार मौके का निरीक्षण किए जाने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। मांग की कि सड़क को प्राथमिकता के आधार पर पुनर्निर्माण की सूची में शामिल किया संबंधित ठेकेदारों और जल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों को तत्काल पाइपलाइन लीकेज ठीक कराने और सड़क का निर्माण कराने के निर्देश दिए जाएं।

### राजगढ़ महाविद्यालय में साल 1981 में पढ़े पूर्व विद्यार्थियों का स्नेह सम्मेलन आयोजित

# 45 साल बाद कॉलेज पहुंचे छात्र, कोई भावुक हुआ तो किसी ने गुदगुदाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ के विभिन्न स्कूलों एवं लीड महाविद्यालय में साल 1981-82 में कामर्स संकाय से पढ़े विद्यार्थियों का स्नेह सम्मेलन रविवार को आयोजित हुआ। कॉलेज में ही आयोजित इस स्नेह सम्मेलन में पहुंचे इन पूर्व छात्रों में कई उच्चाधिकारी, दिग्गज व्यापारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल थे। अनेक वर्षों बाद जब सब एक छत के नीचे पहुंचे तो कई भावुक हो उठे वहीं अतीत के संस्मरणों से कईयों ने काफी समय तक गुदगुदाया।



पूर्व छात्रों के साथ-साथ उस समय के गुरुजियों, व्याख्याताओं को भी कार्यक्रम में विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। इन हस्तियों में मध्यप्रदेश पुलिस के पूर्व आईजी सतीश सक्सेना, पूर्व प्रोफेसर एन.के. पगारे, प्रदीप राणावत पूर्व एसडीओअपी, श्रीमती विनीता जैन पूर्व प्रोफेसर, सरोज गोस्वामी पूर्व प्रोफसर, देश के ख्यात हरफनमोला कलाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य सहित दिग्गज व्यापारी, कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ उस समय के भृत्य, माली तक मौजूद थे।



### सर्वप्रथम सभी ने किए मां जालपा के दर्शन

अनेक वर्षों उपरान्त राजगढ़ की धरा पर पहुंची इन पूर्व छात्रों ने सर्वप्रथम क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध देवीय शक्तिपीठ मां जालपा धाम पहुंचकर माता को शीष नवाया। करीब 45 वर्षों पूर्व जब ये छात्र जालपा धाम आए थे उस समय मंदिर का स्वरूप काफी अलग था। धाम के बजाय मैया जालपा पीपल के वृक्ष के नीचे एक चबूतरे पर विराजमान थी।

### उसी कक्ष में पहुंचे 45 साल पहले की थी पढ़ाई

महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी पूर्व छात्र उसी कक्ष में पहुंचे जहां सालों पहले वे अपने गुरुओं से पढ़ा करते थे। सभी ने टेबल, बेंज पर बैठकर गुरुओं के संस्मरण सुने। पूर्व व्याख्यात, गुरु भी उस समय के पलों, अतीत की यादों को सुनाकर भावुक हो उठे। कुछ संस्मरणों में भावुकता के साथ हास्य का पुट भी देखने मिला।

### गुरुओं को मंचासीन कर कुर्सियों पर बैठे पूर्व छात्र

महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम उपरान्त सभी पूर्व छात्र कार्यक्रम स्थल राजबाग गार्डन पहुंचे। यहां तत्कालीन समय के कॉलेज चुनावों, बगैर संसाधनों के गरीबी में की गई पढ़ाई सहित अन्य यादों को सभी ने एक-दूसरे से सांझा किया। कार्यक्रम में मौजूद अंतराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य द्वारा देश के लिए दिए गए योगदानों की सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा करने के साथ उनके साथ बचपन में बिताए गए पल सांझा किए।

# निजी स्कूलों में शासकीय पुस्तकों की जगह लग रहीं निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें

## शासन के नियमों की अनदेखी, अभिभावकों पर बढ़ रहा बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर और आसपास के क्षेत्रों के अशासकीय विद्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित शासकीय पुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें संचालित किए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 1 से 5 तक कम से कम 4 शासकीय पुस्तकें और कक्षा 6 से 10 तक 6 शासकीय पुस्तकें संचालित करना अनिवार्य है। इसके साथ ही विद्यालयों को अपने यहां संचालित पुस्तकों की सूची निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करना भी आवश्यक है। लेकिन सूत्रों के अनुसार, कई




अशासकीय विद्यालयों ने अब तक पोर्टल पर पुस्तकों की सूची साझा नहीं की है। वहीं अभिभावकों का आरोप है कि उन्हें विशेष दुकानों से निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि बाजार में उपलब्ध शासन द्वारा अनुशंसित पुस्तकों के बजाय निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लगाई जा रही हैं, जिनकी कीमत सामान्य पुस्तकों की तुलना में काफी अधिक है।

**इनका कहना है**

शासन की गाइड लाइन का पालन करना अनिवार्य है, अशासकीय विद्यालयों को नोटिस देकर सुचित करते हैं।

**-रामबाबू पाटीदार,** बीईओ जीरापुर।

# महर्षि पब्लिक स्कूल में नशे से दूर रहने की सीख दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में पुलिस विभाग के द्वारा नशा मुक्ति 2.0 का आयोजन किया गया। इस समारोह में अतिथि थाना प्रभारी होकमसिंह मीना, उपनिरीक्षक संतोष सिंह, संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिवचरण दांगी की उपस्थित में बच्चों को परिवार दोस्त या अन्य लोग जो नशे करने वाले हैं।

उनको सही दिशा देने और समझाइश देकर नशे जैसे कुमार्ग से हटाने, नशा से मुक्त करने के लिए संदेश दिए गए। बच्चे को कहां कि अगर कोई नहीं मानते हैं तो टोल फ्री नंबर पर फोन लगाकर पुलिस को अवगत करा सकते हैं। पुलिस उनको समझाइश देगी और बच्चे को भी नशा नहीं करना चाहिए। इससे कई परिवार बर्बाद हो गए और कई बच्चों के परिवार में नशा करने की वजह से पढ़ाई खराब हो जाती है जिससे उनके जीवन में दुष्प्रभाव होता है और एक अच्छा पढ़ने वाला विद्यार्थी भी गलत संगत में लग जाता है। इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं को जीवन में कभी भी नशा नहीं करने और ना ही नशा करने वाले का सहयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाएं दिलीप राठौर, राधेश्याम तोमर, अजय पंचोली, कृपाल सिंह, राजेश कुमार शर्मा, प्रीतम कुमार शर्मा, कमलसिंह गुर्जर, सोलंकी, अंकुश भावसार, खेल शिक्षक ध्रुव भाटी, उमाशंकर, विशाल, शिक्षिका कुमारी तय्यबा कुरैशी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पवन दांगी ने एवं आभार संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार ने माना।

# नपा सीएमओ ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, लापरवाही पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) दीपक कुमार रानवे ने दोपहर के समय सफाई कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने विभिन्न वार्डों एवं मुख्य मार्गों पर चल रहे सफाई कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान सफाई व्यवस्था में पाई गई कमियों पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों एवं सफाई कर्मियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। सीएमओ श्री रानवे ने स्पष्ट कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे अथवा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा जमा न होने दिया जाए तथा एकत्रित कचरे को तत्काल कचरा वाहनों के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया जाए। उन्होंने नगरवासियों से भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि कचरा हमेशा डस्टबिन अथवा नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही डालें, ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। सीएमओ ने चेतावनी दी कि सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# कुमेंरसिंह पंवार सचिव संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष बने



**राजगढ़।** पंचायत सचिव संगठन की जनपद स्तरीय बैठक रविवार को खोयरी महादेव मंदिर में आयोजित की गई। संघटन जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, नरसिंहगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम शिवहरे सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में संगठन के आगामी क्रियाकलापों, रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। विचार किया गया कि संगठन की मांगों और सचिवों के हितों के लिए कुछ किया जा सकता है। इसके साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से कमेंर सिंह पंवार को राजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# बस में महिला का बैग चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार किया, 62 हजार का सामान बरामद

## सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरी की वारदात का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के अभियान के तहत थाना सारंगपुर पुलिस ने ऑपरेशन चक्षु के अंतर्गत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मदद से बस से बैग चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरुका बरामद कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशन तथा एसडीओपी अरविंद सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई 2026 को फरियादिया पूजा गोस्वामी (28), निवासी ककरकड़ियि, थाना नलखेड़ा, जिला आगर मालवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सारंगपुर बस स्टैंड से बस में यात्रा के



दौरान अज्ञात व्यक्ति उनका बैग चोरी कर ले गया। बैग में करीब 562 ग्राम चांदी की पायल व कमरबंद, एक मोबाइल फोन, दो साड़ियां एवं अन्य कपड़े रखे थे। शिकायत पर थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 529द26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान बस स्टैंड एवं आसपास के मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी रमेश पिता कन्हैयालाल धाकड़ (40), निवासी लसूडिया धाकड़, थाना खुजनेर, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया।

आरोपी के कब्जे से चोरी गई चांदी की पायल, कमरबंद, मोबाइल, बैग, साड़ियां व अन्य सामान सहित लगभग 62 हजार मूल्य का मशरुका बरामद कर लिया गया। इस कार्रवाई में सउनि आनंदीलाल भिलाला, सउनि सुरेश मेवाड़े, आरक्षक बनवारी गुर्जर, सत्येन्द्र रघुवंशी तथा चालक आरक्षक लोकेश परमार की भूमिका रही।

### अलंकरण समारोह आयोजित किया

# छात्र परिषद के विभिन्न पदों पर साक्षात्कार से मनोनयन किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के एडवांस्ड किड्स एकेडमी में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा रहे। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय छात्र परिषद के विभिन्न पदों पर छात्रों का साक्षात्कार के आधार पर मनोनयन किया गया। इसके अंतर्गत हेड बॉय बृजमोहन दांगी, हेड गर्ल अल्फिया मंसूरी, डिप्टी हेड बॉय दुष्यंत सिंह खींची, डिप्टी हेड गर्ल अनुष्का जैन, खेल कप्तान दीपक चैहान, खेल सहकप्तान कोमल सोनगिरा, अनुशासन सचिव श्रीनाथ पाटीदार, यशिका शर्मा, अर्जुन सिंह दांगी, अंशिका गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव माहि जायसवाल, आरव मालवीय को मनोनीत किया गया। इसी के साथ विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु चार अलग-अलग दल बनायें गये। इन दलों के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच वर्षभर विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न होगी। जल दल कप्तान नमन व्यास, सह कप्तान साक्षी गुप्ता, पृथ्वी दल कप्तान काशी शर्मा, सह कप्तान जयंत दांगी, वायु दल कप्तान मनीष वर्मा, सहकप्तान लक्ष्मी विश्वकर्मा, अग्नि दल कप्तान अंजलि दांगी, सहकप्तान सोनू बैरागी को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक गिरिराज गुप्ता द्वारा की गई। वहीं अपने संबोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य ई के जोशी ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय परिवार सदैव प्रयत्नरत रहता है, हमारा प्रयास रहता है कि हमारे विद्यालय के सभी विद्यार्थी चहुँमुखी विकास करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि उपनिरीक्षक संतोषसिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन बरखा गुप्ता व दीपिका बिश्रा ने किया व अध्यापक हेमन्त त्रिवेदी ने आभार प्रकट किया। सभी विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षक विशाल यादव ने प्रशिक्षण दिया।

# पुलिस ने चोरी के सामान सहित चोरों को गिरफ्तार किया

**जीरापुर।** विगत माह की चार पांच जून 2026 की मध्य रात्रि में समीपवर्ती ग्राम नाईहेड़ा स्थित हनुमान मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर की चांदी की छत्र, पीतल की गदा, तांबे का गंगासागर पात्र, पीतल के गरुड़ भगवान, पीतल का आरती पात्र, पीतल की झालर, पीतल का घंटा चुरा कर ले गए थे। जिसकी फरियादी पप्पू पिता बद्रीलाल शर्मा नाईहेड़ा ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई थी, पुलिस द्वारा अपराध 194/2026 धारा 305 (डी) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में पुलिस अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, एसडीओपी खिलचीपुर डीव्हीएस नागर मार्गदर्शन में सामान को बरामद करने में सफलता हासिल कर आरोपी हेमराज बैरागी पिता रतनदास बैरागी 55 साल निवासी मोड़ी थाना सुसनेर तथा श्रवण पिता दामोदरदास पारीक 51 साल निवासी सदर बाजार खिलचीपुर को मय सामान के गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा, उप निरीक्षक फोरतेनुस कुजूर, उप निरीक्षक अरुण जाट, एएसआई रामखिलावन व्यास, प्रधान आरक्षक अनिल नायक की सक्रियता पकड़ा गया।

# ऊँकार सेवा मंडल की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

ऊँकार सेवा मंडल परिवार द्वारा 12वे वर्ष के लंगर एवं अन्य विषयों को लेकर बाबा गौप चैहान हनुमान मंदिर पर वार्षिक बैठक रखी गई। जिसमें मंडल द्वारा लंगर आयोजन सहित अन्य होने वाले कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर आए सुझावों और वरिष्ठों के मार्गदर्शन में गोष्ठी का आयोजन कर रूपरेखा तैयार की। इस वर्ष होने वाले 12 वे वर्ष की कार्यक्रम की रूप रेखा सहित बीते वर्ष किए गए लंगर एवं अन्य कार्यक्रम के खर्च आय व्यय को ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। पिछले ग्यारवें वर्ष ऊँकार सेवा मंडल ने लंगर के अलावा प्राकृतिक एवं पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण धार्मिक अनुष्ठान में प्रसाद वितरण स्वागत सम्मान के कार्यक्रम भी करवाए गए थे। 12 वे वर्ष होने वाले विशाल लँगर कार्यक्रम के लिए मंडल के सदस्यों मैं आम सहमति बनी हर वर्ष मंडल लंगर आयोजन के अलावा आने वाले दूरदराज भक्तों के लिए सुंदर झांकी का निर्माण किया जाता रहा है। इसी क्रम को बढ़ाते हुए इस वर्ष एक आकर्षक झांकी बनाई जाएगी। सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को गणमान्य नागरिकों एवं मंडल के सदस्ययों ने सहमति प्रदान की। राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त मूर्तिकार एवं चित्रकार स्थानीय कलाकार ओ पी चैहान द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मूर्ति को तैयार किया जाएगा। ऊँकार सेवा मंडल द्वारा कार्यक्रम के पश्चात बनाई गई मूर्ति पिछले वर्ष की तरह नरसिंहगढ़ मैं किसी मंदिर या धार्मिक स्थान सुरक्षित रखी जाएगी सेवा मंडल के वरिष्ठ मार्गदर्शक एवं गणमान्य नागरिक एवं मंडल के सदस्य द्वारा नरसिंहगढ़ को महादेव दर्शन को पधारे सभी धर्म प्रेमी नागरिक बंधुओ से अपील करेगा।

# फसल विविधीकरण किसानों के लिए बना लाभ का सौदा, अशोक ने पेश की मिसाल

**सारंगपुर।** बदलते मौसम और कृषि में बढ़ते जोखिम के बीच फसल विविधीकरण किसानों के लिए आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। इसका सफल उदाहरण विकासखंड सारंगपुर के ग्राम कालूखेड़ा के प्रगतिशील किसान अशोक पाटीदार ने प्रस्तुत किया है। उन्होंने पारंपरिक सोयाबीन की एकल खेती छोड़कर विभिन्न फसलों का उत्पादन शुरू किया, जिससे उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



अशोक पाटीदार ने कृषि विभाग के मार्गदर्शन में अपनी 2 हेक्टेयर भूमि पर 1 हेक्टेयर में पूसा अरहर-16, 0.50 हेक्टेयर में स्वीट कॉर्न, 0.25 हेक्टेयर में मूंगफली तथा 0.25 हेक्टेयर में सोयाबीन की खेती की है। उन्होंने बताया कि स्वीट कॉर्न की फसल 70 से 80 दिनों में तैयार हो जाती है और भुट्टों की तुड़ाई के बाद अवशेष का उपयोग साइलेज एवं पशु आहार के रूप में किया जाता है, जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त होती है।

# मुनि श्री 108 प्रवरसागर महाराज के चातुर्मास की मंगल अगवानी, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब, धर्मसभा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के इतिहास में पहली बार मुनि श्री 108 प्रवरसागर महाराज के चातुर्मास के शुभ अवसर पर रविवार को सकल दिगम्बर जैन समाज एवं चातुर्मास सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य मंगल अगवानी निकाली गई। श्री महावीर दिगम्बर जैन कीर्ति स्तंभ से प्रारंभ हुआ चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचा, जहां धर्मसभा आयोजित की गई। मार्गभर श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर गुरुदेव का भावभीना स्वागत किया।उक्त जानकारी देते हुए समाज अध्यक्ष मनोज जैन ने कहा कि सारंगपुर में पहली बार चातुर्मास का आयोजन पूरे नगर के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है। इस अवसर पर अपने मंगल प्रवचन में मुनि श्री 108 प्रवरसागर जी महाराज ने कहा कि सारंगपुर में चातुर्मास होना समाज के पुण्य का



प्रतिफल है। उन्होंने श्रद्धालुओं से चातुर्मास के दौरान पूजा, स्वाध्याय, तप, संयम एवं धर्म आराधना के माध्यम से आत्मकल्याण का आह्वान किया। विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल,हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भावना निलेश वर्मा, ललित पालीवाल, महेश पुष्पद सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। संचालन मयंक जैन ने किया तथा अंत में समिति अध्यक्ष अनिल जैन ने आभार माना।

### युवा खिलाड़ियों को प्रतिभा को निखारने नया मंच प्रदान करेगा: नागर

# 695 लाख की लागत से बनेगा इनडोर-आउटडोर स्टेडियम, सांसद, विधायक ने भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

मध्यप्रदेश शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत 695 लाख की लागत से बनने वाले इंडोर-आउटडोर स्टेडियम निर्माण कार्य का भूमि पूजन सांसद रोडमल नागर एवं विधायक हजारीलाल दांगी की उपस्थिति मे संपन्न हुआ। इस अवसर पर युवाओं से संवाद करते हुए सांसद रोडमल नागर ने कहा कि यह आधुनिक स्टेडियम हमारे क्षेत्र के प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने को लिए नया मंच प्रदान करेगा। क्षेत्रवासियों और युवा साथियों को इस बड़ी सौगात की बधाई दी कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि यह आधुनिक खेल परिसर क्षेत्र के युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराते हुए उनकी प्रतिभाओं को नई



उड़ान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष रामजानकी मालाकार, जिला सह कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गौड़, वरिष्ठ नेता बालचंद दांगी, मण्डल महामंत्री भारतसिंह तोमर, मंडल उपाध्यक्ष बबलू सोनी, हिमांशु गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि आईटी सेल जिला संयोजक अजय साहू, रायसिंह दांगी, बलवंतसिंह सिसोदिया, गिरीश गुप्ता, जितेंद्र सेन, भाजपा कार्यकर्ता विधार्थी, गणमान्य नागरिक तथा अधिकारी उपस्थित रहे।